## हिंदी विश्वविद्यालय में बेल्जियम के लेओ वन का हुआ व्याख्यान

**वर्धा, 19 फरवरी 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में घेंट विश्वविद्यालय, बेल्जियम के श्री लेओ वन क्लैननब्रूगल ने बेल्जियम में भारत की छवि विषय पर आयोजित व्याख्यान में कहा कि बेल्जियम में हिंदी के महान कहानीकार प्रेमचंद





और मंटो का बड़ा प्रभाव है। भारत के लोंगो में आतिथ्य का जो भाव है उससे वे बड़े अभिभूत हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से बेल्जियम में हिंदी का प्रचार-प्रसार, हिंदी धारावाहिकों और फिल्मों का वैश्विक प्रभाव, जनसंचार माध्यमों की स्वतंत्रता आदि विषयों पर खुलकर चर्चा की। लेओ वन घेंट विश्वविद्यालय के इंडोलोजी विभाग में हिंदी पढ़ाते है और इनके विभाग में बेल्जियम और बेल्जियम में बसे भारत के विद्यार्थी हिंदी का अध्ययन करते हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने हिंदी के प्रति लगाव का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्हें दलाई लामा के व्याख्यान की एक कैसेट उनके मित्र ने भेंट की थी जिसके कारण वें हिंदी साहित्य और भारत की संस्कृति के प्रति आकर्षित हुए। उन्होंने माना कि हिंदी पढ़ने से दुनिया का नया दरवाजा खुलता है। हिंदी साहित्य में शक्ति है, जिससे भाषा और संस्कृति का परिचय होता है। उन्होंने भाषाओं की विविधता को सम्मान देने का आह्वान करते हुए हिंदी के भविष्य को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने गिटार पर हिंदी एवं जर्मनी का गीत भी सुनाया। ग़ालिब सभागार में बुधवार, 18 फरवरी को आयोजित व्याख्यान में साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने लेओ वन का परिचय कराया तथा भाषा विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर ने सूत माला एवं शॉल प्रदान कर उनका सम्मान किया।

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

इस अवसर पर हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे सहित हिंदी साहित्य, जनसंचार, प्रदर्शनकारी कला, इतिहास, शिक्षा आदि विभागों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में



उपस्थित रहे।

**हिंदी विश्वविद्यालयात बेल्जियमच्या लेओ वन यांचे व्याख्यान**

**वर्धा, 19 फेब्रुवारी 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय येथे घेंट विश्वविद्यालय, बेल्जियम येथील श्री लेओ वन क्लैननब्रूगल 'बेल्जियममध्ये भारताची प्रतिमा' या विषयावर आयोजित व्याख्यानात म्हणाले की बेल्जियममध्ये हिंदीतील महान कथाकार प्रेमचंद आणि मंटो यांचा मोठा प्रभाव आहे. भारतातील लोकांच्या आतिथ्यशील स्वभावाने ते विशेष प्रभावित झाले असल्याचे ते म्हणाले. विद्यार्थ्यांशी संवाद साधताना त्यांनी बेल्जियममध्ये हिंदीचा प्रचार-प्रसार, हिंदी मालिकांचा आणि चित्रपटांचा जागतिक प्रभाव, तसेच जनसंचार माध्यमांच्या स्वातंत्र्याबाबत सविस्तर चर्चा केली. लेओ वन हे घेंट विश्वविद्यालयातील इंडोलॉजी विभागात हिंदीचे अध्यापन करतात. त्यांच्या विभागात बेल्जियम तसेच बेल्जियममध्ये वास्तव्यास असलेले भारतीय विद्यार्थी हिंदीचे शिक्षण घेतात. आपला अनुभव सांगताना त्यांनी हिंदी विषयीच्या आपुलकीचा उल्लेख केला. त्यांच्या एका मित्राने त्यांना दलाई लामा यांच्या व्याख्यानाची कॅसेट भेट दिली होती. त्यानंतर त्यांना हिंदी साहित्य आणि भारतीय संस्कृतीविषयी आकर्षण निर्माण झाले. हिंदीचे अध्ययन केल्याने जगाचे एक नवे दार उघडते, असे त्यांनी सांगितले. हिंदी साहित्यात भाषेची आणि संस्कृतीची ओळख करून देण्याची मोठी ताकद आहे, असे ते म्हणाले. विविध भाषांचा सन्मान राखण्याचे आवाहन करत त्यांनी हिंदीच्या भविष्याविषयी आपले विचार मांडले. तसेच त्यांनी गिटारवर हिंदी आणि जर्मन गीत सादर केले. बुधवार, 18 फेब्रुवारी रोजी महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयच्या गालिब सभागृहात आयोजित या कार्यक्रमात साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार यांनी लेओ वन

यांची ओळख करून दिली. भाषा विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रो. प्रीती सागर यांनी त्यांना सूतमाला आणि शाल प्रदान करून सन्मानित केले.

या प्रसंगी हिंदी साहित्य विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे तसेच हिंदी साहित्य, जनसंचार, प्रदर्शनकारी कला, इतिहास आणि शिक्षण विभागातील विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.